# पाठ-योजना

**अध्यापिका/अध्यापक** :

**पुस्तक** : उड़ान हिंदी पाठमाला भाग-8

**विषय** : हिंदी **दिनांक :** ......................

**उपविषय** : निश्छल भाव, पाठ-4 **अवधि :** 3-4 वादन

| पाठ संख्या | सुनना, बोलना और पढ़ना | चिंतन | लिखना | गतिविधियाँ | जीवन मूल्य तथा पारिवारिक, सामाजिक व राष्ट्रीय चेतना |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | सस्वर वाचन, शुद्ध उच्चारण, साथियों से पूछना और बताना, प्रश्नोत्तर। | भाव ग्रहण, अर्थ बोध, आशय, मुख्य संदेश, चिंतनात्मक पठन, कविता वाचन। | वर्ण-विच्छेद, विलोम शब्द का मिलान, पर्यायवाची, पंक्तियाँ पूरी करना, पद्यांश पर आधारित, अति लघु, लघु तथा निबंधात्मक प्रश्न। | संवाद, तुलना, संविधान की जानकारी, गीत सुनना व सुनाना, धार्मिक कट्टरता के लाभ व हानि। | प्रकृति से सीख, धार्मिक निरपेक्षता प्रकृति से सीख, धार्मिक निरपेक्षता, समभाव, प्रेम-सौहार्द। |

**सामान्य उद्देश्य** :
1. छात्रों में शुद्ध वाचन तथा पढ़ने-लिखने के कौशल का विकास करना।
2. अपने विचारों को सही प्रकार से प्रकट करने का ज्ञान व अभ्यास कराना।
3. वर्तनी संबंधी अशुद्धियों को दूर करने का प्रयास करना।
4. छात्रों के शब्द भंडार में वृद्धि करना।
5. प्रश्नों के उत्तर को भली-भाँति लिखने का अभ्यास कराना।

**विशिष्ट उद्देश्य** :
1. शुद्ध रूप में आनंद भाव से 'कविता' का लयबद्ध गान कराना तथा 'कविता' के माध्यम से बताना कि हमें संसार के सारे भेदभाव भुलाकर जीवन जीना चाहिए। यही उत्तम शैली है।
2. वर्ण-विच्छेद, विलोम शब्द तथा पर्यायवाची शब्द का ज्ञान कराना।

**सहायक सामग्री** : श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, चार्ट आदि।

**पूर्वज्ञान-परीक्षा** : अध्यापिका/अध्यापक छात्रों की पूर्वज्ञान परीक्षा लेने के लिए छात्रों से पूछेंगे कि हमें जीवन किसने दिया है? भगवान ने सबके लिए एक किसे-किसे बनाया है? आदि।

**उद्देश्य-कथन** : अध्यापिका/अध्यापक प्रश्नों के उत्तर संतोषजनक या असंतोषजनक पाकर अपने उद्देश्य की घोषणा करेंगे कि बच्चो, आज हम 'निश्छल भाव' पाठ-4 कविता का अध्ययन करेंगे।

**कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से पाठ को दर्शाएँगे।

**शिक्षण-बिंदु** : 'निश्छल भाव' पाठ-4 के प्रश्नों के उत्तर छात्रों की सहायता लेते हुए कराए जाएँगे।

| अध्यापिका/अध्यापक क्रियाएँ | छात्र-क्रियाएँ |
|---|---|
| प्र.1. चाँद की चाँदनी में कौन एक हो जाते हैं? | उ. चाँद की चाँदनी में मस्जिद, मंदिर, गिरजा और गुरुद्वारे धरती पर एक हो जाते हैं। |
| प्र.2. बादल अपने जल से क्या करता है? | उ. बादल अपने जल से गिरजा और गुरुद्वारे को सराबोर कर देता है। |
| प्र.3. पवन का झोंका किससे टकरा जाता है? | उ. पवन का झोंका आँधी और तूफ़ान से भी टकरा जाता है। |

**पाठ पढ़ाने के पश्चात–**

**मौखिक** : सर्वप्रथम अध्यापिका/अध्यापक कठिन शब्दों का उच्चारण कराएँगे तथा पाठ से संबंधित मौखिक प्रश्न पूछेंगे।

जैसे- प्र. चंद्रमा की चाँदनी शीतलता बरसाने के लिए कौन-सी जगह ढूँढ़ती है?

उ. चंद्रमा की चाँदनी शीतलता बरसाने के लिए भेदभाव रहित तथा प्रेम और एकता से परिपूर्ण जगह ढूँढ़ती है।

इसी प्रकार से सभी प्रश्नों को मौखिक रूप में पूछेंगे।

**लिखित** : प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में करवाने से पहले मौखिक रूप में पूछेंगे। तत्पश्चात लिखवाएँगे।

1. वर्ण-विच्छेद करने के नियम बताएँगे। तत्पश्चात सही वर्ण-विच्छेद में ✓ का निशान लगाएँगे।
2. प्रत्येक शब्दों के अर्थ से अवगत कराएँगे। तत्पश्चात विलोम शब्दों का मिलान कराएँगे।
3. पर्यायवाची शब्दों को यथास्थान लिखवाएँगे।
4. कविता की पंक्तियों को पूरा करवाएँगे।
5. **कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से संकेत पद्यांश को दर्शाएँगे। तत्पश्चात प्रश्नों के उत्तर में सही (✓) का निशान लगवाएँगे।
6. अति लघु प्रश्नों को समझाएँगे। तत्पश्चात संक्षेप में उत्तर लिखवाएँगे।
7. लघु प्रश्नों को भली-भाँति समझाएँगे। उसके बाद उनके उत्तर लिखवाएँगे।
8. (क) निबंधात्मक प्रश्न को समझाएँगे। तत्पश्चात विस्तारपूर्वक लिखवाएँगे।

   (ख) संकेत पद्यांश में आए कठिन शब्दों के अर्थ को पुनः समझाएँगे। तत्पश्चात भावार्थ लिखवाएँगे।

**आओ अब कुछ बात करें** : राष्ट्र से संबंधित विषय पर संवाद कराएँगे।

'निश्छल भाव' कविता सुनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

**परियोजना निर्माण** : प्रस्तुत गीत से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए कहेंगे।

**निष्कर्ष** : बच्चों ने जाना कि जब प्रकृति कोई भेदभाव नहीं करती तो हमें भी भेदभाव नहीं करना चाहिए।

वर्ण-विच्छेद, विलोम शब्द तथा पर्यायवाची शब्दों के बारे में जाना।

**कक्षा-कार्य निरीक्षण** : अध्यापिका/अध्यापक कक्षा में छात्रों को लिखवाए गए प्रश्नों के उत्तर का निरीक्षण करेंगे तथा अशुद्धियों को ठीक कराएँगे।